प्रकाशनार्थ : गोरखपुर

गोरखपुर एन.सी.सी ग्रुप के निर्देशन में 44 वीं यू.पी. बटालियन एन.सी.सी गोरखपुर द्वारा गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय गोरखपुर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपेन्द्र रावत और 44 में यूपी बटालियन के कर्नल सतीश कवर सहित विभिन्न बटालियन से लगभग 19 वॉलिंटियर्स ने स्वैच्छिक रक्तदान कर अपना पूनीत सहयोग दिया। रक्तदान शिविर का संचालन महाराणा प्रताप इण्टर कालेज गोरखपुर के कैप्टन दीपक शाही और सेकंड ऑफिसर भरत सिंह की देखरेख में किया गया ।शिविर में आए सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों को चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ)दीप चन्द ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।उक्त कार्यक्रम में कर्नल विशाल ,श्री अमित मिश्रा ,सौरभ सिंह ,सूबेदार कुलदीप सिंह, केयरटेकर दीपक राय ,रितेश पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।